डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
Dr. Shakuntala Misra National Rehabilitation University, Lucknow
उत्तर प्रदेश सरकार

पत्रांक : 181/फा0सं0–499/एच0ओ0डी0/डी0एस0एम0एन0आर0यू0/2019–20 दिनांक: 25 अप्रैल, 2019

// कार्यालय–आदेश //

विश्वविद्यालय की प्रथम परिनियमावली, 2009 के अध्याय–5 की धारा–5.10 से 5.13 में कुलानुशासक की नियुक्ति के सम्बन्ध में दी गई व्यवस्थानुसार विश्वविद्यालय परिसर में अनुशासनिक व्यवस्था को अत्यधिक सुदृढ़ किये जाने के उद्देश्य से कार्यालय आदेश सं0: 823/कुल0का0/फा0सं.–499/2018–19, दिनांक: 24 अगस्त, 2018 द्वारा डॉ0 प्रेम मोहन, प्रोफेसर, वाणिज्य को विश्वविद्यालय का कुलानुशासक नियुक्त किया गया था।

डॉ0 प्रेम मोहन की सेवानिवृत्ति (वर्तमान में 30 जून, 2019 तक सत्रान्त लाभ पर) एवं स्वयं के मौखिक अनुरोध के क्रम में उक्त आदेश को अवक्रमित करते हुए डॉ0 विनोद कुमार सिंह, प्रोफेसर, अंग्रेजी एवं अधिष्ठाता, विशेष शिक्षा संकाय को निम्नलिखित शर्तों के अधीन आदेश निर्गत होने की तिथि से अग्रिम आदेशों तक के लिए कुलानुशासक नियुक्ति किये जाने का निदेश हुआ है–

क. कुलानुशासक ऐसी शक्तियों का प्रयोग करेगा और ऐसे कर्तव्यों का निवर्हन करेगा जैसा कुलपति महोदय द्वारा समनुदेशित की जायेंगी।

ख. कुलानुशासक अपने पद के कर्तव्यों का निवर्हन, अध्यापक के रूप में अपने कर्तव्यों के अतिरिक्त करेगा।

ग. कुलानुशासक ऐसे मानदेय के लिए अर्ह होगा जैसा विहित किया जाय।

घ. विश्वविद्यालय के मा0 परिषदों/प्राधिकरणों द्वारा प्रदत्त निर्देश कुलानुशासक पर बाध्यकारी होंगे।

कुलानुशासक की नियुक्ति मा0 कार्य परिषद के निर्णय के अधीन रहेगी। उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से प्रभावी होगा।

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव

पृष्ठांकन संख्या व दिनांक उपरोक्तानुसार।

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मा0 कुलपति जी को सादर अवलोकनार्थ।
2. वित्त अधिकारी, विश्वविद्यालय।
3. समस्त संकायाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष, विश्वविद्यालय।
4. परीक्षा नियत्रंक।
5. डॉ0 विनोद कुमार सिंह, प्रोफेसर, अंग्रेजी एवं अधिष्ठाता, विशेष शिक्षा संकाय।
6. डॉ0 प्रेम मोहन, प्रोफेसर, वाणिज्य।
7. कुलानुशासक मण्डल के शिक्षकवृन्द, विश्वविद्यालय।
8. समस्त अधिकारीगण।
9. विश्वविद्यालय की बेवसाइट अपलोड हेतु।
10. सम्बन्धित की व्यक्तिगत पत्रावली हेतु।

(अमित कुमार सिंह)
कुलसचिव